अध्यक्षीय कार्यालय :
SARITA DAGA
45-46, Gem Enclave, Pradhan Marg,
Malviya Nagar,Jaipur-302017
Mob.: 9413339841
Email: president@abtmm.org

# नारी लोक

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का मासिक मुखपत्र

जून, 2025 अंक 323

## अध्यक्षीय आह्वान

प्रिय बहिनों,

सादर जय जिनेन्द्र!

जून का आगमन प्रकृति की पुकार, चेतना की छुअन और आत्मा की अनुभूति का महीना बनकर आता है। इस माह की शुरुआत होती है, विश्व पर्यावरण दिवस से, जब सारी दुनिया प्रकृति के संरक्षण की बात करती है, लेकिन हमारे तेरापंथ के संस्कारों में तो पर्यावरण-प्रेम जीवन का सहज अंग रहा है। संयम, सादगी और संतुलित उपभोग हमारे आगमों की वाणी में ही नहीं, हमारी जीवनशैली का मूल आधार भी है। आचार्यश्री तुलसी द्वारा प्रवर्तित अणुव्रत आंदोलन केवल नैतिक जागरण नहीं था, वह धरती से जुड़ाव का भाव भी था- जहाँ जीवनशैली का हर छोटा निर्णय भी पर्यावरण के सम्मान में होता था। आज जब तेरापंथ महिला मंडल अपने कार्यक्रमों और उपक्रमों से भी पर्यावरणीय चेतना से समाज को जोड़ रही है तो यह केवल सेवा नहीं, यह उस परम्परा का विस्तार है जो सृष्टि को साधना मानती है।

जून माह का एक और दिन जो स्मरण से अधिक संवेदना का दिवस रूप बन जाता है- आचार्यश्री तुलसी का महाप्रयाण दिवस, जिसे हम 'विसर्जन दिवस' के रूप में मनाते हैं। उनका जाना एक युग का विराम नहीं, एक विचार की अविरल यात्रा का दर्पण था। उन्होंने केवल साधु-साध्वी परम्परा को दिशा नहीं दी, बल्कि नारी चेतना को नए आलोक से प्रकाशित किया। नारी को सेवा की परिधि से निकालकर नेतृत्व की भूमिका में प्रतिष्ठित करना उनका अद्वितीय योगदान था। उन्होंने जिस विश्वास से तेरापंथ महिला मंडल का बीजारोपण किया, वह आज एक सशक्त, समृद्ध और संगठित वटवृक्ष बन चुका है। उनकी दृष्टि में नारी न केवल परिवार की धुरी है, बल्कि समाज की दिशा संचालिका भी। उनके शब्दों में जो शक्ति थी, वही आज हजारों नारी जीवन में संकल्प बनकर धड़क रही है।

इक्कीस जून- 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'- जो हमें स्मरण कराता है कि जिस प्रकार प्रकृति को संतुलन चाहिए, वैसे ही मनुष्य को भी। योग केवल व्यायाम नहीं, एक जीवन-दर्शन है। आचार्यश्री तुलसी की दिव्य दृष्टि से जब प्रेक्षा ध्यान की अभिनव विधा समाज को प्रदत्त हुई, तो उनका लक्ष्य केवल साधकों तक सीमित नहीं था, वह तो हर उस नारी तक पहुँचना चाहते थे जो जीवन की दौड़ में थक कर स्वयं से दूर हो गई थी। योग के माध्यम से तन-मन का सामंजस्य, अंतर्मन की यात्रा और जीवन में जागरूकता का जो आलोक है, वह आज की नारी के लिए संबल भी है और साधन भी। जब तेरापंथ महिला मंडल की बहिनें योग की राह पर चलती हैं तो वे केवल स्वास्थ्य नहीं, स्थिरता और सशक्तता की प्रतिमूर्ति बनती हैं।

यह जून का महीना हमारे लिए केवल एक समय नहीं, एक संदेश है- प्रकृति से जुड़ना, गुरु की प्रेरक दृष्टि का अनुगमन करना और आत्मशक्ति के मार्ग पर अग्रसर होना। जब एक नारी पर्यावरण के प्रति संवेदनशील, गुरु ज्ञान के प्रति आचरण और योग के द्वारा स्वयं को साधती है- तब वह केवल एक महिला नहीं रहती, वह समाज का शाश्वत आधार बन जाती है। आइए, इस जून माह को हम केवल एक मासिक अनुभव न बनने दें, इसे अपने चिंतन, चरित्र और चलन में जी लें- क्योंकि नारी जब जागती है, तो युग करवट लेता है, प्रगति के नए द्वार उद्घाटित होते है और अवबोध होता है दायित्व की कसौटी का। बहिनों! 15 जून से 15 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक शाखा मंडल में नए नेतृत्व का चयन भी होना है। हम अतीत की समीक्षा कर नए दायित्व बोध का दर्शन करें। स्वशक्ति से जागरण का शंखनाद कर सफलता के शिखर का आरोहण करे। विकास में योगभूत बनें। इन्हीं शुभ भावों के साथ...


शुभाकांक्षी

Sarita Daga

सरिता डागा

लिखें शक्ति की नई ऋचाएं, अनुशासन के दीप जलाएं

POWERHOUSE




## रोज की एक सलाह

तुम आवेश भी करते हो, कभी शांतिपूर्ण व्यवहार भी करते हो। स्वयं फैसला करो आवेश सफलता का हेतु बनता है या शांति। यदि शांति अधिक सफलतादायी है तो उसका अभ्यास क्यों नहीं करते?

एक अच्छा संकल्प भी अनेक समस्याओं से बचाने वाला हो सकता है। अपेक्षा है कि उसका निष्ठा के साथ पालन हो। वह तुम्हारा अभिन्न मित्र व सच्चा मित्र होगा।

–आचार्य महाश्रमण

('रोज की 1 सलाह' से साभार)



नारी जाति के उन्नायक

# आचार्य तुलसी

29वां महाप्रयाण दिवस
'विसर्जन दिवस' पर
श्रद्धासिक्त अभिवन्दना

श्रद्धाप्रणत : अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल परिवार

## अभिवंदना के इन स्वरों में एक स्वर हमारा मिलाएं

### परमपूज्य गुरुदेव आचार्यश्री महाश्रमणजी के दीक्षा दिवस पर अभातेममं. द्वारा श्रद्धासिक्त अभिवंदना स्वरूप हस्तनिर्मित कलाकृति एवं 'महाश्रमण की महागाथा' पुस्तिका सादर समर्पित




### तेरापंथ धर्मसंघ की नवम् साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी के 'चयन दिवस' पर अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा शब्द चित्र द्वारा श्रद्धा भाव की अभिव्यक्ति




**अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल परिवार**

# करणीय कार्य

## आचार्य तुलसी का महाप्रयाण दिवस : विसर्जन दिवस

## विसर्जन से नवसृजन की ओर...

यह दिवस, केवल एक पुण्यतिथि नहीं है। यह वह क्षण है जहाँ हम स्मरण करते हैं एक ऐसे महामानव को, जिन्होंने न केवल एक संयममय जीवन जिया- बल्कि हजारों को जीवन जीने की राह सिखाई। आचार्यश्री तुलसी- तेरापंथ धर्मसंघ के नवमें आचार्य, जिनके चिंतन और कर्त्तृत्व ने सम्पूर्ण समाज में जागरण की एक नयी चेतना का संचार किया। जिनकी परिकल्पना 'विसर्जन' आज केवल एक साधु-संयम की परम्परा नहीं रही अपितु हर मानव के जीवन का आत्मिक प्रयोग बन गई है। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा प्रस्तुत यह 'विसर्जन दिवस' केवल श्रद्धांजलि नहीं है अपितु यह आचार्य तुलसी की विचारधारा को अपने भीतर उतारने का संकल्प है। आइए... 'विसर्जन से नवसृजन' की ओर... एक कदम और बढ़ाएं।

कार्यक्रम की रूपरेखा-

1. मंगलाचरण- तुलसी अष्टकम्
2. दिशाबोध-चारित्रात्माओं द्वारा- विषय- विसर्जन से नवसृजन की ओर
3. नाटिका मंचन- आचार्य तुलसी के व्यक्तित्व और कर्त्तृत्व से संबंधित किसी एक विषय पर नाटिका मंचन (गणवेश में)।
   संभावित विषय- जीवन विज्ञान, अणुव्रत, विसर्जन, नारी जागृति, नया मोड़, अनुशासन, बाल-संस्कार, संघ को अवदान आदि।
4. कार्यक्रम में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति से 'विसर्जन' की भावना का संकल्प जरूर करवाएं। निम्नांकित में से संकल्प करवाये जा सकते हैं-

- आज मैं 1 घंटा से अधिक समय सोशल मीडिया (फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्वीटर आदि) पर **spend** करने का विसर्जन करूंगी।
- आज मैं क्रोध आने की अवस्था में 10 मिनट के लिए बोलने का विसर्जन करूंगी।
- आज मैं किसी भी प्रकार के फास्ट फूड के सेवन का विसर्जन करूंगी।
- आज मैं पाँच बार नमस्कार महामंत्र का जप किए बिना भोजन ग्रहण करने का विसर्जन करूंगी।
- आज मैं अपने दैनिक जीवन का विश्लेषण करूंगी और ऐसे कार्य जिनका मेरे जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में कोई योगदान नहीं है, उनका विसर्जन करूंगी।
- आज मैं दिन में 1 घंटा से अधिक सोने की आदत का विसर्जन करूंगी (अस्वास्थ्य की अवस्था में अपवाद)।

5. उपरोक्त कार्यक्रम रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करें और अभातेममं. के पेज को **tag** करें।

---

आध्यात्मिक प्रवृत्तियां

## 'जैन तत्त्व विद्या की चाबी है- पच्चीस बोल'

तत्त्व विद्या है- आत्म विद्या। तत्त्वज्ञ श्रावक सहजता से कर लेता है हर समस्या का समाधान। तत्त्व विद्या के सूक्ष्म रहस्यों के ज्ञाता युगप्रधान आचार्य प्रवर श्री महाश्रमणजी का नववर्ष पर यह संदेश- 'समाज में आए जैन विद्या का नव उन्मेष।' पच्चीस बोल सब सीखें, समझे उसका अर्थ विशेष।' जीव-अजीव पुस्तक पढ़ कर तत्त्व ज्ञान में करें प्रवेश।

बहिनों, जून माह में सभी बहिनें 23 से 25 बोल सीखने-समझने और कंठस्थ करने का लक्ष्य रखें।

---

## कन्या मंडल : करणीय कार्य

स्नेहिल कन्याओं,

सादर जयजिनेन्द्र !

तेरापंथ धर्म संघ के आद्य प्रवर्तक महामना भिक्षु के 300वें जन्म जयंती के वर्ष पर अनुपम भेंट अर्पित करनी है। अतः प्रत्येक कन्या मंडल की नव मनोनीत संयोजिका को 'भिक्षु म्हारे प्रगटया जी...' गीतिका कंठस्थ करनी है एवं इसका भावार्थ सीखना है। संभवतः इस गीतिका पर एक रोचक प्रस्तुति का अवसर राष्ट्रीय कन्या अधिवेशन के समय पर अहमदाबाद में गुरुदेव के सान्निध्य में दिया जा सकेगा।

आपकी दीदी, अदिति सेखानी

# प्रेक्षाध्यान कल्याण वर्ष
## जून माह में करणीय कार्य
## प्रेक्षा प्रवाह : शक्ति एवं शांति की ओर

**विषय : मंत्र प्रेक्षा – 'अर्हम्'**

महत्वपूर्ण है हमें दुर्लभ मानव जीवन मिला उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है हमें एक सद्गुरु मिले, जिनके ज्ञान, दर्शन और चारित्र के दिव्य आलोक में हमारे भीतर छुपी अनंत क्षमताओं को वृद्धिंगत करते हुए साधना के गूढ़ रहस्यों को जानते हुए 'अर्हं' मय बनने की दिशा में गतिमान होने का सामर्थ्य भरता है। 'अर्हम्' हमारी प्राण शक्ति को सक्रिय कर हमारे शांत प्रशांत आनन्द से भरपूर व्यक्तित्व एवं अस्तित्व का हमें बोध कराता है। आइये इस माह करते हैं हम 'अर्हम्' मंत्र प्रेक्षा।

**कार्यशाला प्रारूप – 60 मिनट**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | स्वागत वक्तव्य | 03 मिनट |
| 2. | अर्हम् मंत्र जप | 05 मिनट |
| 3. | अर्हम् मंत्र का महत्व (चारित्रात्माओं द्वारा प्रशिक्षण)<br>विषय : **Zero** से **Hero** बनने की तैयारी | 20 मिनट |
| 4. | ज्योति केन्द्र प्रेक्षा और महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य (प्रेक्षा प्रशिक्षकों द्वारा) | 10 मिनट |
| 5. | अर्हम् मंत्र के प्रयोग– प्रेक्षा प्रशिक्षकों द्वारा | 20 मिनट |
| 6. | धन्यवाद | 02 मिनट |

**विशेष ध्यातव्य :**

* जिन क्षेत्रों में प्रेक्षा प्रशिक्षक अथवा चारित्रात्माओं का सान्निध्य उपलब्ध नहीं है वो प्रेक्षा प्रवाह ग्रुप में उपलब्ध **recording** का उपयोग करें।
* जिनके पास कवच है प्रयास करे प्रेक्षा ध्यान का कवच पहन कर कार्यशाला में भाग लें।
* महिला मंडल का गणवेश आवश्यक है।
* अर्हम् की मंगल भावना और अनन्त शक्ति से आपका जीवन पल-पल भावित हो।

–संयोजिका श्रीमती वीणा बैद, 9448063260

---

## प्रेक्षा प्रवाह : शक्ति एवं शांति की ओर

### Online Workshop on Zoom–
### 21st–23rd May, 2025
### विषय : अर्हम् मंत्र प्रेक्षा

स्वागत वक्तव्य : राष्ट्रीय चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी

कार्यशाला प्रारूप प्रकाश : प्रेक्षा प्रवाह की राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती वीणा बैद

**21 मई, 2025**

विषय : मंत्र का महत्व व अर्हम् मंत्र की उपयोगिता

**Theory** प्रशिक्षण : वरिष्ठ प्रेक्षा प्रशिक्षक श्री राजेन्द्र मोदी, इंदौर

**22 मई, 2025**

विषय : ज्योति केन्द्र प्रेक्षा व महिलाओं पर इसका प्रभाव

**Theory** प्रशिक्षण : अनुभवी प्रेक्षा प्रशिक्षक श्रीमती रेणु बैद, सूरत

**23 मई, 2025**

विषय : जिज्ञासा समाधान सत्र श्री राजेन्द्र मोदी, 12–13 बहिनों ने विषय से संबंधित गहन जानकारी प्राप्त की।

प्रतिदिन प्रेक्षा ध्यान प्रयोग

विषय : अर्हम् न्यास प्रयोग

अनुभवी प्रेक्षा प्रशिक्षिका श्रीमती मंजु सिपानी, कोलकाता

शुभाशंसा एवं प्रेरणा : राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा व महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल

तेरापंथ महिला मंडल, टी. दासरहल्ली की अध्यक्ष श्रीमती नेहा चावत और उनकी टीम ने प्रेक्षा प्रवाह कार्यशाला से किस प्रकार जीवन में बदलाव आ रहा है, इस विषय पर अपने विचार रखे।

संचालन प्रतिदिन : रा.का.स. श्रीमती अनुपमा नाहटा, कोलकाता

* अच्छी संख्या में उपस्थिति दर्ज करवायी (लगभग 100 प्रतिदिन)।
* गूगल फॉर्म के माधयम से **Attendance register** किए गए।
* कार्यक्रम की संपूर्ण रिकॉर्डिंग प्रेक्षा प्रवाह ग्रुप में उपलब्ध करायी गई।

# शाखा मंडल हेतु विशेष ध्यानार्थ

- अध्यक्ष पद के उम्मीदवार की उम्र कम से कम 35 वर्ष और अधिकतम 65 वर्ष हो सकती है।
- उपाध्यक्ष/मंत्री को कार्यसमिति में 2 कार्यकाल का अनुभव होना आवश्यक है।
- कार्यसमिति का गठन साधारण सदन के एक माह के भीतर हो जाना चाहिए।
- निवर्तमान अध्यक्ष एवं निवर्तमान मंत्री को नई कार्यसमिति में अनिवार्य रूप से शामिल करें।
- कार्यसमिति में एक तिहाई पुराने सदस्यों का होना अनिवार्य है।
- प्रत्येक तीन माह बाद कोषाध्यक्ष कार्यसमिति बैठक में आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करे।
- गठित विभाग के विशेष आमंत्रित सदस्य को हर कार्यसमिति मीटिंग में आमंत्रित करना आवश्यक नहीं है।
- परामर्शक की उम्र कम से कम 65 व अधिकतम 80 वर्ष हो सकती है।
- संरक्षक की उम्र कम से कम 70 वर्ष की होनी चाहिए।
- कार्यसमिति के सदस्यों को अध्यक्ष मनोनयन पत्र द्वारा मनोनीत करेगा। सदस्यों के स्वीकृति पत्र देने पर ही कार्यसमिति सदस्यता स्वीकृत मानी जाएगी।
- शाखा मंडल के विधान में मूल निवास तथा प्रवास यानि (दूसरे) क्षेत्र के शाखा मंडल के अलावा किसी अन्य तीसरे शाखा मंडल की सदस्यता लेने पर दूसरे क्षेत्र के मंडल की सदस्यता स्वतः निरस्त हो जाएगी।
- यदि कोई वार्षिक सदस्य वार्षिक शुल्क जमा न करवाए तो उसकी सदस्यता स्वतः निरस्त हो जाएगी।

## दायित्व ग्रहण-शपथ

- मैं ........................................................................................ देव गुरु धर्म को साक्षी मानकर शपथ लेती हूँ कि मैं ........................................................ (पद का नाम) की गरिमा व गोपनीयता को बनाये रखूंगी।
- मैं संघ व संघपति के प्रति पूर्ण समर्पित रहूंगी।
- मैं मंडल की गति-प्रगति के लिए सदैव जागरूक एवं सहयोगी रहूंगी।
- मैं मंडल के सदस्यों के प्रति अपनत्व व सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखूंगी।
- मैं पूर्ण निष्ठा से अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करूंगी।
- मैं प्रतिदिन कम से कम 15 मिनट आध्यात्मिक प्रवृत्ति करूंगी।
- मैं प्रत्येक शनिवार सायं 7 से 8 के मध्य शनिवारीय सामायिक यथासंभव करूंगी

उपरोक्त शपथ निवर्तमान अध्यक्ष द्वारा ही नए अध्यक्ष को दिलाई जाए।

## एक बूंद : एक सागर - जल संरक्षण
## 'निबंध प्रतियोगिता परिणाम'

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के द्वारा अप्रैल माह के करणीय कार्य में 'भविष्य में पानी' या 'हमारा भविष्य पानी-पानी' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुल 105 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं। प्रतियोगिता में टॉप 7 विजेता रहे-

1. श्रीमती प्रियंका बैंगानी (दुगड़), बेहाला
2. श्रीमती सोनिका पारख, बंगाईगांव दक्षिण
3. श्रीमती नीतू कोठारी, राउरकेला
4. श्रीमती उर्मिला सेठिया, भीनासर
5. श्रीमती नवीन पींचा, नॉर्थ दिल्ली
6. श्रीमती मीना मेहता, सूरत
7. श्रीमती अरुणा बैद, गुवाहाटी

सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई एवं मंगलकामना।

आचार्य तुलसी कर्तृत्व पुरस्कार

# आचार्य तुलसी कर्तृत्व पुरस्कार

अभातेममं. का गरिमामय सम्मान व सर्वोच्च पुरस्कार है 'आचार्य तुलसी कर्तृत्व पुरस्कार'। नारी उन्नायक आचार्य तुलसी के प्रति कृतज्ञ महिला समाज की विनम्र श्रद्धांजलि है यह पुरस्कार।

नारी सेवा, समर्पण, संस्कृति की संवाहक और सृजन का मूर्त रूप है। अतः सामाजिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, राजनैतिक आदि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला या महिला संस्थान को प्रति दूसरे वर्ष आचार्य तुलसी कर्तृत्व पुरस्कार से नवाजा जाता है। इस पुरस्कार के तहत सम्मानित व्यक्तित्व को सम्मान पत्र, मोमेंटो एवं एक लाख रुपए की राशि प्रदान की जाती है। इस पुरस्कार के अब तक के गौरवशाली प्राप्तकर्ता है– डॉ. पूर्णिमा आडवाणी (भूतपूर्व अध्यक्ष– राष्ट्रीय महिला आयोग), डॉ. किरण बेदी (प्रथम महिला आईपीएस ऑफिसर), श्रीमती सावित्री जिन्दल (पूर्व हरियाणा राज्यमंत्री, प्रसिद्ध उद्योगपति), श्रीमती नीलिमा खेतान (मुख्य संचालिका सेवा मंदिर, उदयपुर), श्रीमती अनुराधा कोईराला (संस्था माहिती संस्था नेपाल, काठमाण्डू), श्रीमती मृदुला सिन्हा (भूतपूर्व महामहिम राज्यपाल गोवा), श्रीमती रेखा शर्मा (अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला आयोग, भारत सरकार)।

अभातेममं. अंतर्राष्ट्रीय स्तर के वर्ष 2025 के पुरस्कार हेतु प्रविष्ठियाँ आमंत्रित कर रहा है। देश या विदेशों में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला या महिला संस्थान के नाम का आवेदन पत्र भरकर इस पुरस्कार की निदेशक डॉ. सूरज बरड़िया के निम्न पते पर भेजें। आवेदन पत्र भरकर भेजने की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2025 है। **ABTMM** वेबसाइट से डाउनलोड करके आचार्य तुलसी कर्तृत्व पुरस्कार के बारे में आप जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र वेबसाइट पर उपलब्ध है।

निदेशिका

डॉ. सूरज बरड़िया, 5, केमक स्ट्रीट, 9th फ्लोर, फ्लैट नं. E–9, कोलकाता–700017, मो. : 9831143436

# सीतादेवी सरावगी प्रतिभा पुरस्कार 2025

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय महिला अधिवेशन में एक महिला और एक कन्या को सीतादेवी सरावगी प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार तेरापंथ धर्मसंघ की प्रतिभा सम्पन्न एक महिला एवं एक कन्या को प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार के अंतर्गत रु. 51,000 की राशि तथा एक प्रशस्ति पत्र सम्मानित व्यक्ति को प्रदान किया जाता है। समस्त शाखा मंडलों से निवेदन है कि अपने क्षेत्र से इस पुरस्कार हेतु प्रविष्टियाँ भेजें। इसके लिए समस्त शाखाएं अपनी जागरूकता का परिचय दे। अंतिम निर्णय चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

**पुरस्कार हेतु अर्हताएं :**

- कला, शिक्षा, विज्ञान, सेवा, साहित्य आदि क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाली महिला/कन्या हो।
- चरित्रनिष्ठ एवं संघनिष्ठ मनोवृत्ति हो।

**पुरस्कार प्रविष्टि हेतु शाखाओं के ध्यानार्थ :**

- प्रत्येक शाखा एक महिला और एक कन्या का नाम ही इस पुरस्कार हेतु प्रस्तावित कर सकता है।
- आपकी शाखा द्वारा प्रस्तावित महिला एवं कन्या के प्रस्ताव को उन व्यक्ति की फोटो सहित सम्पूर्ण परिचय (बायोडाटा) शाखा मंडल के अध्यक्ष/मंत्री अपने शाखा के **Letterhead** पर लिखित में भेजें। इस प्रस्ताव में अध्यक्ष एवं मंत्री सहित अन्य तीन पदाधिकारियों के हस्ताक्षर भी अनिवार्य रूप से होने चाहिए।
- प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2025 है। बाद में प्राप्त प्रविष्टियाँ स्वीकृत नहीं की जाएगी।
- प्रविष्टियाँ जयपुर स्थित अध्यक्षीय कार्यालय में ही भेजें।
- शाखा उन्हीं महिला/कन्या की प्रविष्टियाँ भेजें जो सितम्बर, 2025 को राष्ट्रीय अधिवेशन के समय अहमदाबाद में आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन सन्निधि में उपस्थित होकर यह पुरस्कार स्वीकार कर सके।

# मंथन-2025- राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता 'मंथन' का सेमीफाइनल चरण **Zoom** पर (**Online mode**) आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में भारत और नेपाल के 32 सेमीफाइनलिस्ट ने अपनी प्रस्तुति दी। सेमीफाइनल के अंतर्गत दो राउण्ड आयोजित किए गए। इसकी संक्षिप्त रिपोर्ट निम्नतः है-

**23 मई, 2025**

**विषय : आधुनिक समय में विवाह समारोह (आयोजन): एक पवित्र अनुष्ठान या सामाजिक दिखावे का मंच?**

**प्रतिभागी संख्या -** 16

**शुभकामना संदेश-** श्रीमती कुमुद कच्छारा, पूर्व अध्यक्ष, अभातेममं.

**निर्णायकगण -**

1. डॉ. अंजू अलंकृता, दिल्ली
2. श्रीमती वसुधा रंडेर, बंगलूरू

**निर्णायक परिचय एवं टाइमर-** श्रीमती मनीषा बोथरा, रा.का.स., अभातेममं.

**संचालन-** श्रीमती रमन पटावरी, संगठन मंत्री, अभातेममं.

**24 मई, 2025**

**विषय : क्या सोशल मीडिया हमें सोशल (सामाजिक) बना रहा है?**

**प्रतिभागी संख्या-** 16

**शुभकामना संदेश-** श्रीमती सोनाली पटावरी, ट्रस्टी, अभातेममं.

**निर्णायकगण-**

1. डॉ. मित्तल धकाड़ा, वापी
2. डॉ. घनश्यामनाथ कच्छावा, सुजानगढ़

**निर्णायक परिचय एवं टाइमर-** श्रीमती जूली मेहता, रा.का.स., अभातेममं.

**संचालन-** श्रीमती जयश्री जोगड़, रा.का.स., अभातेममं.

**मंथन के टॉप 13 फाइनलिस्ट-**

- प्रतिभा बैद (बोरीवली)
- रंजना दुगड़ (औरंगाबाद/संभाजीनगर)
- सुधा दुगड़ (हैदराबाद)
- पल्लवी सेठिया (दक्षिण कोलकाता)
- प्रज्ञा गोलछा (विराटनगर- नेपाल)
- मोहिनी कांकरिया (पिंपरी चिंचवड़)
- सारिका दुगड़ (गुवाहाटी)
- हीना चोपड़ा (अहमदाबाद)
- प्रियंका बैंगानी (धुबड़ी)
- प्रियंका भरूंट (पूर्वांचल कोलकाता)
- प्रज्ञा सुराणा (ईरोड)
- प्रेक्षा चोपड़ा (जयपुर सी-स्कीम)
- प्रियंका आंचलिया (नागपुर)

**सभी विजेताओं को बहुत-बहुत बधाई और आगामी चरण हेतु ढ़ेरों शुभकामनाएं।**

# एक मुलाकात : विशिष्टजन के साथ

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा एवं महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने कर्नाटक के राज्यपाल महामहिम श्री थावरचंद गहलोत से बंगलूरू में शिष्टाचार भेंट की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की योजनाओं एवं कार्यों से महामहिम को अवगत कराया तथा नारीलोक एवं साहित्य भेंट किया। इस अवसर पर विजयनगर (बंगलूरू) तेमम. अध्यक्ष श्रीमती मंजू गादिया एवं मंत्री श्रीमती दीपिका गोखरू भी साथ थी।



# उड़ान सुनहरा भविष्य
# एक कदम स्वावलंबन की ओर

**1 मई, 2025, जयपुर सी-स्कीम।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित 'उड़ान सुनहरा भविष्य' एक कदम स्वावलंबन की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु आज जयपुर सी-स्कीम महिला मंडल द्वारा सिलाई प्रशिक्षण के पश्चात कच्ची बस्ती की बहिनों को 8 सिलाई मशीन का वितरण किया गया। सर्वप्रथम स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा सुराणा ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि उड़ान कार्यशाला के अंतर्गत हम पिछले चार महीनों से बहिनों को सिलाई सिखा रहे हैं और आज उन्हीं बहिनों के स्वरोजगार हेतु सिलाई मशीन प्रदान की जा रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने कहा कि यह जो प्रोजेक्ट है, इसका मुख्य उद्देश्य बहिनों को स्वावलंबी बनाना है। आपने जो यहाँ सिलाई सीखी है और आप जो ये मशीनें घर ले जा रही है तो ध्यान रहे कि इसका सदुपयोग हो। आप सब आगे किसी भी बुटीक से जुड़कर अपना भरण-पोषण कर सकती है। उड़ान कार्यक्रम राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती नीरू पुगलिया ने कहा कि आप सभी मन लगाकर इस कार्य को सीखे, जिससे आप भविष्य में अपनी एक पहचान बना सके। प्रशिक्षण प्राप्त बहिनों ने अपने द्वारा बनाई गई चीजों को राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिखाया एवं अपने अनुभव बताए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सबके प्रति शुभकामनाएं प्रेषित की।

# वाटर कूलर का उद्घाटन

**1 मई, 2025, जयपुर सी-स्कीम।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित तेमम., सी-स्कीम द्वारा 5 वाटर कूलर मशीन का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ओमप्रकाश गौड़ (जिला शिक्षा अधिकारी) एवं श्री रवि बोरड़ (MD, Luxor Impex) रहे। सर्वप्रथम नवकार मंत्र से कार्यक्रम की शुरुआत हुई तत्पश्चात अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा सुराणा ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं मंडल द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज जल की उपयोगिता रखना बहुत जरूरी है। आज जगह-जगह पर जल का अपव्यय ज्यादा हो रहा है, जिससे सभी पानी की समस्या से जूझ रहे है। आज से 50 वर्ष पूर्व महिलाएं पानी का बहुत उपयोग रखती थी और जल संरक्षण करती थी। आज पुनः हम सबको जल संरक्षण की आवश्यकता है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री ओमप्रकाश गौड़ ने कहा कि आपका मंडल जो यह कार्य कर रहा है वो बहुत ही सराहनीय है। श्री रवि बोरड़ ने कहा कि आप लोगों ने इस नेक कार्य में मुझे अपने साथ जोड़ा, ये मेरे लिए बहुत ही गर्व की बात है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा, रा.का.स. श्रीमती नीरू पुगलिया एवं रा.का.स. श्रीमती अलका बैद की विशेष उपस्थिति रही।

## कन्या विकास योजना के अंतर्गत गाँधीनगर, बंगलूरू में 52 बैंचों का उद्‌घाटन



**22 मई, 2025, गाँधीनगर, बंगलूरू।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल, गाँधीनगर, बंगलूरू की ओर से कन्या सुरक्षा योजना के अंतर्गत कन्या सुरक्षा 52 बैंचों का उद्‌घाटन एमएमवीटी रेलवे स्टेशन, क्रांतिवीर संगोली रायण्णा बंगलूरू सिटी रेलवे स्टेशन एवं स्कूल में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से हुआ। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती रिजु डूंगरवाल ने स्वागत किया। उद्‌घाटनकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने कहा कि मंडल ने उपयोगी जगहों पर बैंचे लगवाई है। राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने भी विचार व्यक्त किए। बंगलूरू रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक श्री कृष्ण चैतन्य ने कहा कि इस स्टेशन पर प्रतिदिन 40000 व्यक्तियों का आवागमन होता है। बैंचों से यात्रियों को सुविधा मिलेगी। सभा अध्यक्ष श्री पारसमल भंसाली ने मंडल को मंगल कामनाएं संप्रेषित की।

इस मौके पर मंडल की परामर्शिका श्रीमती लता जैन, स्थानीय उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी बोहरा, श्रीमती लता गादिया, सहमंत्री श्रीमती वीणा पोरवाल, श्रीमती प्रमिला धोका, कोषाध्यक्ष श्रीमती किरण गिलूंडिया, संगठन मंत्री पवन संचेती, प्रचार-प्रसार मंत्री श्रीमती संगीता आंचलिया, श्रीमती सुनीता गाँधी, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती कांता लोढ़ा, श्रीमती शांति सकलेचा, श्रीमती निर्मला सोलंकी, युवक परिषद अध्यक्ष श्री विमल धारीवाल, श्री प्रकाश मांडोत, श्री रूप देरसरला आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ज्ञापन मंत्री श्रीमती ज्योति संचेती ने किया।

## समृद्ध राष्ट्र योजना : वाटर कूलर का उद्‌घाटन- गाँधीनगर, बंगलूरू

**22 मई, 2025, गाँधीनगर, बंगलूरू।**


अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल, गाँधीनगर, बंगलूरू द्वारा चामराजपेट स्थित जे.एस.एस. कस्तूरबा स्कूल में अभातेममं. राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में वाटर कूलर का उद्‌घाटन किया गया। उद्‌घाटन कार्यक्रम में महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल, परामर्शक श्रीमती लता जैन, पूर्व महामंत्री एवं समृद्ध राष्ट्र योजना की संयोजिका श्रीमती वीणा बैद, रा.का.स. श्रीमती शशिकला नाहर, स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती योगिनी, सेक्रेटरी श्रीमती मंजुला प्रसाद, स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती रिजु डूंगरवाल, मंत्री श्रीमती ज्योति संचेती, पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी बहिनें उपस्थित रही।

## कन्या विकास योजना के अंतर्गत गाँधीनगर, बंगलूरू में कन्या सुरक्षा स्तम्भ का उद्‌घाटन

**22 मई, 2025, गाँधीनगर, बंगलूरू।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल, गाँधीनगर, बंगलूरू द्वारा वी.वी. पुरम में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में कन्या सुरक्षा स्तम्भ का उद्‌घाटन किया गया। जैन संस्कारक श्री अमित भंडारी द्वारा जैन संस्कार विधि से मंत्रोच्चार किया गया। उद्‌घाटन कार्यक्रम में महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल, अभातेममं. परामर्शक श्रीमती लता जैन उपस्थित रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिक्कपेट विधायक डॉ. उदय भी गरुड़ाचार एवं डिप्टी डायरेक्टर ऑफ हॉर्टिकल्चर बीएमपी श्री चन्द्रशेखर, पूर्व पार्षद कविता पोरवाल, महासभा के प्रतिनिधि श्री प्रकाश लोढ़ा, टीपीएफ अध्यक्ष श्री पुष्पराज चोपड़ा, युवक परिषद मंत्री श्री राकेश चोरड़िया, स्थानीय मंडल अध्यक्ष श्रीमती रिजु डूंगरवाल, मंत्री श्रीमती ज्योति संचेती, पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी बहिनें उपस्थित रहीं।

# विजयनगर, बंगलूरू महिला मंडल द्वारा सिटी रेलवे स्टेशन पर बैंचेज एवं वाटर कूलर का उद्घाटन



**23 मई, 2025, विजयनगर, बंगलूरू।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल, विजयनगर, बंगलूरू के तत्वावधान में कन्या विकास योजना के अंतर्गत कन्या सुरक्षा बैंचेज एवं समृद्ध राष्ट्रीय योजना के तहत वाटर कूलर का उद्घाटन क्रांतिवीर संगोली रायण्णा रेलवे स्टेशन पर अभातेममं. की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा के द्वारा किया गया। रेलवे स्टेशन पर 20 बैंचेज का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के उच्चारण के साथ हुआ। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती मंजू गादिया ने सभी का स्वागत करते हुए अभातेममं. की योजना समृद्ध राष्ट्र की जानकारी दी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने तेरापंथ महिला मंडल, विजयनगर के श्रम का उल्लेख एवं कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मंडल अखिल भारतीय द्वारा दिए गए सभी कार्यों एवं आयामों को पूरी निष्ठा के साथ समय पर पूरा करता है। मंडल को भविष्य में इसी तरह काम करने की प्रेरणा दी। महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति देते हुए अभातेममं. से संचालित चार आयामों की जानकारी दी। समृद्ध राष्ट्र योजना की राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती वीणा बैद, राष्ट्रीय परामर्शिका श्रीमती लता जैन, रेलवे डीसीएम निवेदिता, स्टेशन मास्टर श्री रमेश, रेलवे ऑफिसर श्री समांथा रेड्डी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महासभा के क्षेत्रीय प्रभारी श्री प्रकाश लोढ़ा, विजयनगर सभा अध्यक्ष श्री मंगल कोचर, मंडल की निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती प्रेम भंसाली, विजयनगर तेयुप अध्यक्ष श्री कमलेश चोपड़ा, उपाध्यक्ष श्री विकास बांठिया, अणुव्रत समिति से श्री चन्द्रशेखर, संघ संवाद से श्री जितेन्द्र घोषल, जैन समय से श्री अशोक नागौरी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती मेघना हिरण एवं आभार ज्ञापन संयोजिका श्रीमती बरखा पुगलिया ने किया। इस कार्य में गाँधीनगर सभा के पूर्व संगठन मंत्री श्री प्रकाश मांडोत का विशेष श्रम सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में सहयोग हेतु प्रायोजक परिवार का सम्मान मंडल द्वारा किया गया।

---

# तेरापंथ महिला मंडल, विजयनगर द्वारा कन्या सुरक्षा स्तम्भ का जैन संस्कार विधि से हुआ भूमि पूजन

**23 मई, 2025, विजयनगर, बंगलूरू।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल, विजयनगर, बंगलूरू के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा के करकमलों से कन्या सुरक्षा स्तम्भ का भूमि पूजन जैन संस्कार विधि द्वारा एमसी लेआउट स्थित सुभाष चन्द्र बोस पार्क में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सभी का स्वागत करते हुए विजयनगर मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू गादिया ने कहा कि कन्याओं की सुरक्षा हमारा सामाजिक एवं नैतिक दायित्व है। अध्यक्ष ने विजयनगर विधायक श्री कृष्णप्पा, प्रिया कृष्णा एवं युवा नेता श्री प्रदीप कृष्णा का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अल्प समय में इस कार्य के लिए अनुमति प्रदान करवाई तथा श्री महेन्द्र मूथा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया जिनका विशेष श्रम एवं सहयोग इस कार्य में प्राप्त हुआ। भ्रूण हत्या, बाल विवाह, अशिक्षा, यौन शोषण, घरेलू हिंसा आदि से बेटियाँ उत्पीड़न की शिकार हो रही है। ऐसे में कन्याओं की सुरक्षा कैसे हो, विषय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा एवं महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर अभातेममं. परामर्शिका श्रीमती लता जैन, पूर्व महामंत्री श्रीमती वीणा बैद, अभातेयुप प्रबुद्ध विचारक श्री दिनेश पोखरणा, तेरापंथ सभा विजयनगर अध्यक्ष श्री मंगल कोचर, तेयुप विजयनगर अध्यक्ष श्री कमलेश चोपड़ा, महिला मंडल मंत्री श्रीमती दीपिका गोखरू, उपाध्यक्ष एवं संयोजिका श्रीमती बरखा पुगलिया सहित सभी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं श्रावक-श्राविका समाज की गरिमामय उपस्थिति रही।

## 50वां राष्ट्रीय महिला अधिवेशन : 18-19-20 सितम्बर, 2025 अहमदाबाद में

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का 50वां राष्ट्रीय महिला अधिवेशन परमपूज्य आचार्य श्री महाश्रमणजी की पावन सन्निधि में आगामी 18-19-20 सितम्बर, 2025 को अहमदाबाद में समायोजित है। सभी शाखा मंडल से निवेदन है कि 18 सितम्बर, 2025 को निर्धारित संख्या में अहमदाबाद पहुँचने का लक्ष्य रखें। अधिवेशन से संबंधित विस्तृत जानकारी नारीलोक के आगामी अंक में प्रेषित की जाएगी।

## तत्त्वज्ञान/तेरापंथ दर्शन परीक्षाएं एवं शिविर : 16-17 सितम्बर, 2025- अहमदाबाद में

आचार्यश्री महाश्रमणजी की पावन सन्निधि में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के अंतर्गत तत्त्वज्ञान/तेरापंथ दर्शन की परीक्षाएं एवं शिविर आगामी 16-17 सितम्बर, 2025 को समायोजित है। परीक्षार्थी इस विषय को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त दिवस पर अहमदाबाद पहुँचने का लक्ष्य रखें। विस्तृत जानकारी नारीलोक के आगामी अंक में प्रेषित की जाएगी।

## शाखा मंडल के साधारण सदन

समस्त शाखा मंडल वर्ष 2024-2025 का साधारण सदन 15 जून से 15 जुलाई, 2025 के मध्य अनिवार्य रूप से आयोजित करे।

## राष्ट्रीय कन्या अधिवेशन 4, 5 एवं 6 अगस्त, 2025- अहमदाबाद में

आचार्यश्री महाश्रमणजी की पावन सन्निधि में राष्ट्रीय कन्या अधिवेशन 4, 5 एवं 6 अगस्त, 2025 को अहमदाबाद में समायोजित है। अधिवेशन में अधिकाधिक संख्या में कन्याएं संभागी बन इसे ऐतिहासिक बनाएं।

## टी. दासरहल्ली : अभातेमम. राष्ट्रीय अध्यक्ष और महामंत्री ने किया संरक्षित गवर्नमेंट स्कूल का अवलोकन

23 मई, 2025, टी. दासरहल्ली।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में टी. दासरहल्ली स्थित संरक्षित कालम्मा गवर्नमेंट स्कूल का अवलोकन श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से हुआ। महिला मंडल की बहिनों ने स्वागत गीत का संगान किया। स्थानीय तेमम. अध्यक्ष श्रीमती नेहा चावत ने सभी का स्वागत करते हुए संरक्षित स्कूल के कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने कहा कि टी. दासरहल्ली एक छोटा क्षेत्र होते हुए भी पूर्ण सक्रियता एवं जागरूकता से हर कार्य को क्रियान्वित करते है। आपकी लगन एवं पुरुषार्थ अनुकरणीय है। भविष्य में भी आप सभी कार्यक्रमों में ऐसी ही जागरूकता बनाए रखें। महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल, परामर्शिका श्रीमती लता जैन, राष्ट्रीय संयोजिका समृद्ध राष्ट्र योजना एवं पूर्व महामंत्री श्रीमती वीणा बैद ने मंडल के जागरूकता की सराहना की। भावना सेवा में टी. दासरहल्ली से योगदान, स्कूल से अभिनंदन पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्रदान किया गया एवं पधारे हुए अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की पूरी टीम का सम्मान किया गया। संचालन मंत्री श्रीमती नम्रता पितलिया एवं आभार ज्ञापन उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता बोहरा ने किया। कार्यक्रम में पदाधिकारीगण एवं कार्यकारिणी सदस्यों की अच्छी उपस्थिति रही।

# लक्ष्य 'लक्ष्य' कार्यशाला का आयोजन- फरीदाबाद

26 मई, 2025, फरीदाबाद।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, फरीदाबाद द्वारा 'लक्ष्य कार्यशाला' का आयोजन डॉ. मुनिश्री अभिजीत कुमारजी एवं मुनिश्री जागृत कुमारजी के सान्निध्य में किया गया। मुनिश्री अभिजीत कुमारजी ने लक्ष्य के प्रति **Motivated** कैसे रहे, इस विषय पर प्रकाश डाला। **Achievable, time bound** लक्ष्य हमें उत्साहित रखते हैं। मुनिश्री जागृत कुमारजी ने **Mo time** और **Me time** के बारे में बताते हुए फरमाया **Mo** यानि **Mobile time** लक्ष्य पाने में अवरोध बनता है वहीं **Me time** यानि **Creative time, supportive** बनता है। लक्ष्य के अवरोधी तत्व जाने और त्यागे, विधायक तत्त्वों को अपनाये। कार्यशाला में फरीदाबाद मेयर श्रीमती प्रवीण जोशी ने महिला मंडल के कार्यों की सराहना की। अभातेममं. की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने अपने वक्तव्य में कहा कि लक्ष्य को जाने, संकल्पित हो और अर्जुन की तरह लक्ष्य सामने रखें, तभी सफलता प्राप्त होती है। आपने मंडल की गतिविधियों की जानकारी देते हुए अधिकाधिक बहिनों को मंडल से जोड़ने की प्रेरणा दी। अभातेमम. संरक्षिका श्रीमती सायर बैंगानी ने साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी का संदेश वाचन किया व लक्ष्य का अर्थ समझाते हुए, इस पर दृढ़ रहने की प्रेरणा दी। चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी ने तत्त्व ज्ञान तेरापंथ दर्शन की जानकारी देते हुए फरीदाबाद महिला मंडल को बधाई दी।

अभातेमम. रा.का.स. हरियाणा प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी ने मंडल की चारों स्थाई योजनाओं की सुव्यवस्थित जानकारी प्रदान की। रा.का.स. श्रीमती नीलिमा बैद ने मंडल की गतिविधियों को प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बताया। रा.का.स. एवं दिल्ली, यूपी प्रभारी श्रीमती सुनीता जैन ने संगठन क्या है, कैसे शक्तिशाली बनता है, इसके बारे में बताया। संविधान के बारे में प्रश्न हमारे और उत्तर आपके, रोचक तरीके से जानकारी देते हुए सभी को जागरूक किया। चूंकि चुनावी वर्ष है, इसलिए सभी को अवगत कराया गया। श्रीमती अर्चना भंडारी और श्रीमती नीतू पटावरी- हरियाणा प्रभारी ने संस्था के रजिस्टर्स चैक किए। मंत्री एवं सहमंत्री की टीम को, संस्था की सभी बहिनों को इस संबंध में मूलभूत जानकारी प्रदान की। मंडल की बहिनों ने जिज्ञासा को पूछा और समाधान पाया। तेरापंथ महिला मंडल की स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती ललिता बैद ने सभी का स्वागत करते हुए फरीदाबाद महिला मंडल के कार्यों के बारे में जानकारी दी एवं बताया कि लगभग 25 वर्षों बाद किसी राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन हमारे क्षेत्र में हुआ है। आभार ज्ञापन कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती कमला लूणिया ने किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन मंत्री श्रीमती खुशबू सेठिया और पूर्व मंत्री श्रीमती गरिमा भूतोड़िया ने किया। कार्यक्रम में रा.का.स. दिल्ली प्रभारी श्रीमती मंजू भूतोड़िया एवं रा.का.स. श्रीमती शिल्पा बैद की भी उपस्थिति रही। **Delhi NCR** से अध्यक्ष, मंत्री व उनकी टीम, स्थानीय महिला मंडल बहिनें, फरीदाबाद सभा, तेयुप, **TPF**, अणुव्रत समिति आदि संस्थाओं के पदाधिकारीगण सहित 225-250 लोगों की सराहनीय उपस्थिति में कार्यक्रम सानंद सम्पन्न हुआ।

---

# फिजियोथैरेपी सेंटर का उद्घाटन

26 मई, 2025, फरीदाबाद।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, फरीदाबाद द्वारा महावीर इंटरनेशनल सेंटर एसजीएम नगर में फिजियोथैरेपी सेंटर का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा द्वारा किया गया। तेमम., फरीदाबाद द्वारा कैंसर के मरीजों हेतु 3 बैड दिए गए। कन्या विकास योजना के अंतर्गत 2 बैंच का भी उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अभातेमम. चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी, संरक्षिका श्रीमती सायर बैंगानी, महावीर इंटरनेशनल सेंटर के चीफ श्री अजीत पटवा, मंडल के पदाधिकारीगण एवं कार्यसमिति सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की आयोजना में स्थानीय मंडल की अध्यक्ष श्रीमती ललिता बैद, मंत्री श्रीमती खुशबू सेठिया तथा पूरी टीम का श्रम मुखर रहा। राष्ट्रीय टीम ने तेमम., फरीदाबाद के कार्यों की सराहना की।

# श्रृंखलाबद्ध पौषध व्रत

माह अप्रैल एवं मई में श्रृंखलाबद्ध पौषध व्रत में सभी क्षेत्रों ने उत्साह-उमंगपूर्वक सहभागिता दर्ज करवायी है। भविष्य में भी इसी रूप में उत्साह प्रदर्शित करते हुए अन्य शाखाएं भी इस महायज्ञ में अपनी आहूति देते हुए अध्यात्म की राह में प्रशस्त होंगे, ऐसा पूर्ण विश्वास है। सभी क्षेत्रों के प्रति खूब-खूब साधुवाद। श्रृंखलाबद्ध पौषध व्रत में संबद्ध होने वाली शाखाओं की सूची नीचे दी गई है।

**श्रृंखलाबद्ध पौषध व्रत में आगामी जून व जुलाई माह के तारीख आरक्षण हेतु Google Form link: https://forms.gle/R7C4NvSVARGA2XebA**

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें- संयोजिका: श्रीमती नीतू बैद, मो. 9924180371.

## श्रृंखलाबद्ध पौषध करने वाले क्षेत्रों की सूची-


| दिनांक | क्षेत्र | कुल पौषध | दिनांक | क्षेत्र | कुल पौषध |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अप्रैल, 2025 | सूरत | 18 | 1 मई, 2025 | सूरत | 19 |
| 2 अप्रैल, 2025 | उल्लास नगर महाराष्ट्र | 3 | 2 मई, 2025 | लिलुआ | 2 |
| 3 अप्रैल, 2025 | लुधियाना | 4 | 3 मई, 2025 | सकलेशपुर | 2 |
| 4 अप्रैल, 2025 | समाना पंजाब | 2 | 4 मई, 2025 | फालाकांटा | 1 |
| 5 अप्रैल, 2025 | रायपुर | 3 | 5 मई, 2025 | धुपगुड़ी | 1 |
| 6 अप्रैल, 2025 | अहमदाबाद | 57 | 6 मई, 2025 | अहमदाबाद | 45 |
| 7 अप्रैल, 2025 | कांकरोली | 3 | 7 मई, 2025 | कांकरोली | 3 |
| 8 अप्रैल, 2025 | कूचबिहार | 1 | 8 मई, 2025 | विजयनगर (बंगलूरू) | 11 |
| 9 अप्रैल, 2025 | टी. दासरहल्ली | 7 | 9 मई, 2025 | टी. दासरहल्ली | 4 |
| 9 अप्रैल, 2025 | बहरमपुर | 3 | 10 मई, 2025 | टॉलीगंज | 8 |
| 10 अप्रैल, 2025 | नोखा | 14 | 11 मई, 2025 | दार्जिलिंग | 1 |
| 10 अप्रैल, 2025 | उदयपुर | 9 | 12 मई, 2025 | उत्तरपाड़ा | 3 |
| 11 अप्रैल, 2025 | शिरपुर | 1 | 13 मई, 2025 | जलपाईगुड़ी | 1 |
| 12 अप्रैल, 2025 | बंगलूरू विजयनगर | 7 | 14 मई, 2025 | रिसड़ा | 1 |
| 13 अप्रैल, 2025 | भिलाई | 2 | 15 मई, 2025 | दुर्गापुर | 1 |
| 13 अप्रैल, 2025 | उत्तर हावड़ा | 10 | 16 मई, 2025 | अलीपुरद्वार | 2 |
| 14 अप्रैल, 2025 | उत्तरपाड़ा वेस्ट बंगाल | 4 | 17 मई, 2025 | अगरतला | 1 |
| 14 अप्रैल, 2025 | जोगेश्वरी महाराष्ट्र | 2 | 18 मई, 2025 | डीसा | 2 |
| 15 अप्रैल, 2025 | पटियाला पंजाब | 2 | 19 मई, 2025 | हैदराबाद | 19 |
| 16 अप्रैल, 2025 | मंडी गोबिन्दगढ़ पंजाब | 2 | 20 मई, 2025 | शिरपुर | 2 |
| 17 अप्रैल, 2025 | भिलोड़ा | 5 | 21 मई, 2025 | डूंगरी | 13 |
| 18 अप्रैल, 2025 | वासी महाराष्ट्र | 2 | 22 मई, 2025 | जलगांव | 22 |
| 19 अप्रैल, 2025 | हैदराबाद | 17 | 23 मई, 2025 | नोखा | 9 |
| 20 अप्रैल, 2025 | सैंथिया | 4 | 24 मई, 2025 | राजाजीनगर (बंगलूरू) | 6 |
| 21 अप्रैल, 2025 | डूंगरी | 15 | 25 मई, 2025 | रायपुर | 2 |
| 22 अप्रैल, 2025 | जलगांव | 28 | 26 मई, 2025 | उदयपुर | 3 |
| 23 अप्रैल, 2025 | अहमदगढ़ | 1 | 27 मई, 2025 | बाली बैल्लुर | 2 |
| 23 अप्रैल, 2025 | कालू | 1 | 28 मई, 2025 | जयपुर शहर | 2 |
| 24 अप्रैल, 2025 | वापी | 12 | 29 मई, 2025 | कटिहार | 1 |
| 25 अप्रैल, 2025 | छत्रपति संभाजीनगर | 2 | 30 मई, 2025 | बालोतरा | 11 |
| 26 अप्रैल, 2025 | राजाजीनगर बंगलूरू | 4 | 31 मई, 2025 | दिल्ली (सेंट्रल) | 4 |
| 27 अप्रैल, 2025 | बाली बैल्लुर | 2 | | | |
| 28 अप्रैल, 2025 | भिवानी | 1 | | | |
| 29 अप्रैल, 2025 | पतरां | 2 | | | |
| 30 अप्रैल, 2025 | बारेटा मंडी | 2 | | | |
| 30 अप्रैल, 2025 | बालोतरा | 15 | | | |

नारीलोक प्रश्नोत्तरी

# ज्ञान चेतना प्रश्नोत्तरी

## जून, 2025

### सन्दर्भ पुस्तक : तेरापंथ की 9 साध्वी प्रमुखाएं (पेज संख्या 216 से 341)




**निम्न प्रश्नों के उत्तर दें**

1. प्रथम नियोजिका समणी स्मितप्रज्ञाजी ने लगभग कितने वर्ष तक नियोजिका के रूप में कुशलतापूर्वक समणश्रेणी को सेवाएं प्रदान की?
2. नौ साध्वीप्रमुखाओं में से कितनी साध्वीप्रमुखाओं का सम्बन्ध चूरू से और कितनी साध्वीप्रमुखाओं का सम्बन्ध चन्देरी से जुड़ा हुआ है?
3. आचार्यश्री महाश्रमणजी ने शासनमाता साध्वीप्रमुखाश्रीजी को दर्शन देने के लिए मात्र कितने दिनों में 149.4 किमी. की यात्रा कर कीर्तिमान कायम किया?
4. भाइयों एवं पाँच बहिनों में सरोज का कौनसा नंबर था?
5. पूर्वोत्तर भारत की यात्रा के दौरान आचार्यप्रवर का कौनसा पट्टोत्सव (पदाभिषेक दिवस) झारखंड के 'बनियार' ग्राम में मनाया गया?
6. शासनमाता साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी के महाप्रयाण के संदर्भ में जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ में आचार्यश्री महाश्रमणजी ने कितने दिन आध्यात्मिक अनुष्ठान की घोषणा की?
7. तेरापंथ धर्मसंघ में दीक्षित होने वाले मुमुक्षु भाई-बहिनों का पावन प्रशिक्षण केन्द्र- पारमार्थिक शिक्षण संस्था का प्रारंभ कौनसे ईस्वी सन् में हुआ?
8. आचार्यश्री महाश्रमणजी ने अपने कौनसे दीक्षा दिवस के पुनीत अवसर पर नवम् साध्वीप्रमुखा के पद पर साध्वी विश्रुतविभाजी को मनोनीत किया?
9. मुमुक्षु सविता ने लगभग कितने वर्ष तक पारमार्थिक शिक्षण संस्था में अध्ययन किया?
10. आचार्यश्री महाप्रज्ञ जन्मशताब्दी के शुभ अवसर पर सम्पूर्ण महाप्रज्ञ वाङ्मय कितने ग्रंथों के रूप में संघ क्षितिज पर शोभायमान बना?

**रिक्त स्थान की पूर्ति करें**

11. ................. ज्ञान की गहराई में जाने का सिंहद्वार है।
12. यह भी संयोग की बात है कि साध्वीप्रमुखाजी के जन्म, संस्था प्रवेश, समणदीक्षा और साध्वी दीक्षा- ये चारों अवसर ............ की पुण्यधरा को प्राप्त हुए।
13. सर्वप्रथम समणी केन्द्र के रूप में .............. भारत की एकवर्षीय यात्रा का शुभारंभ करने का सौभाग्य भी समणी स्मितप्रज्ञाजी को मिला।
14. आचार्यश्री महाप्रज्ञजी के जीवन और दर्शन पर उन्होंने महाप्रज्ञ ................. लिखा है जो राजस्थानी भाषा में पद्यात्मक रचना है।
15. इतिहास साक्षी है कि गुरु ने जब, जिसे, जो कार्य सौंपा, उसके लिए ............................ भी संप्रेषित की है।
16. नियति का योग था कि आठवीं साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी की साध्वी दीक्षा से पूर्व जन्मा सपना नवमीं साध्वीप्रमुखाजी की ........... दीक्षा के समय साकार हुआ।
17. आचार्यश्री महाश्रमणजी ने उन्हें ................... परिषद की सदस्या मनोनीत किया।
18. नवसृजित समण श्रेणी आचार्यश्री तुलसी की ...................... कृति थी।
19. इस अवसर पर चतुर्विध धर्मसंघ आपश्री की .......................... आचार्य के रूप में अभिवंदना करना चाहता है।
20. साध्वीप्रमुखाश्रीजी के जीवन के एक-एक क्षण को सार्थक बनाने का जो .......... अनवरत प्रयास आचार्यश्री महाश्रमणजी ने किया, इतिहास का दुर्लभ उपक्रम है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : संयोजिका : श्रीमती इन्दिरा लुणिया, कटक
Mob.: 9438368264, E-mail: luniaindira@gmail.com

Google Form submit करने की अन्तिम तिथि : 20 जून, 2025

Google Form Link : https://forms.gle/8MHRWNQYnggJKSiCA

आर्थिक सहयोग हेतु विशेष आभार श्रीमती मोहिनी देवी-स्व. श्री बालचंद जी, मीताजी, जयसिंह जी चोरड़िया परिवार (बीदासर-मुम्बई)

**मई, 2025 प्रश्नोत्तरी के सही उत्तर**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. अमृतम् | 2. पन्द्रह | 3. दिव्य तपस्विनी | 4. चौदह | 5. राजलदेसर |
| 6. तीन | 7. साध्वी पन्नांजी | 8. सतहत्तर | 9. आचार्य तुलसी | 10. शासनमाता |
| 11. जीवनयात्रा | 12. कल्पवृक्ष | 13. सरदारांजी | 14. योगक्षेम | 15. शोभनीय |
| 16. यात्रा | 17. इक्यासी | 18. भाव | 19. आत्मकथा | 20. पचास |

**मई, 2025 प्रश्नोत्तरी के भाग्यशाली विजेता**

| | | |
|---|---|---|
| 1. रेणु छाजेड़, आमेट | 2. सुनीता नाहटा, भिवानी | 3. मंजू सेठिया, कोयम्बटूर |
| 4. पूजा डोसी, दक्षिण मुम्बई | 5. वीणा बैद, फारबिसगंज | 6. सोनू चोपड़ा, कांकरिया |
| 7. चेतना जैन, नाथद्वारा | 8. रीना बैद, राजलदेसर | 9. नीलम गोखरू, वसई |
| | 10. चेतना संकलेचा, टापरा | |

लिखें शक्ति की नई ऋचाएं, अनुशासन के दीप जलाएं

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल को प्राप्त अनुदान

## अनुदान सूची एवं प्रेरणा दाता

| | |
|---|---|
| 1. तेरापंथ महिला मंडल, गाँधी नगर (बंगलूरू) (भावना सेवा) | 1,00,000 |
| 2. तेरापंथ महिला मंडल, फरीदाबाद (भावना सेवा) | 1,00,000 |
| 3. तेरापंथ महिला मंडल, बिजयनगर (बंगलूरू) (भावना सेवा) | 51,000 |
| 4. तेरापंथ महिला मंडल, उत्तर दिल्ली (भावना सेवा) | 31,000 |
| 5. तेरापंथ महिला मंडल, विशाखापट्टनम (भावना सेवा) | 21,000 |
| 6. तेरापंथ महिला मंडल, दार्जिलिंग (भावना सेवा) | 21,000 |
| 7. तेरापंथ महिला मंडल, टी. दासरहल्ली (भावना सेवा) | 11,000 |
| 8. तेरापंथ महिला मंडल, जयगांव (भावना सेवा) | 11,000 |
| 9. तेरापंथ महिला मंडल, कूचबिहार (भावना सेवा) | 11,000 |
| 10. तेरापंथ महिला मंडल, उत्तरपाड़ा (भावना सेवा) | 7,100 |
| 11. तेरापंथ महिला मंडल, लिलुआ (भावना सेवा) | 3,100 |

सभी अनुदानदाताओं के प्रति हार्दिक आभार !

**अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल**
पंजीकृत कार्यालय : 'रोहिणी' जैन विश्व भारती, लाडनूं 341 306 (जिला- नागौर, राजस्थान)

श्री नारीलोक

**महामंत्री कार्यालय**
महामंत्री
नीतू ओस्तवाल
5-0-1&2, आर.सी. व्यास कॉलोनी,
सूर्यांश, मदर टैरेसा स्कूल के पास,
भीलवाड़ा-311001 (राज.)
मो.: 9257011205
secretary@abtmm.org

देखने हेतु
www.abtmm.org
www.facebook.com/abtmmjain/
https://bit.ly/abtmmyoutube

**कोषाध्यक्ष कार्यालय**
कोषाध्यक्ष
तरुणा बोहरा
203, 204, सांघवी एक्जोटिका,
मराठा कॉलोनी, दहिसर वेस्ट,
मुम्बई-400068
मो.: 8976601717
tarunajain365@gmail.com